स्थापना 14/07/1966 AISHE - C-21757 शासनाधीन 19/10/1981

# शास. पं. जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

# ।। विवरण पत्रिका ।।

## सत्र 2023-24

**Website - govtpgcollegebemetara.com**
**Email ID - pgcollegebemetara@gmail.com**

**विद्यार्थियों को वैध परिचय पत्र सदैव महाविद्यालय में लेकर आना होगा। आकस्मिक जांच के दौरान परिचय पत्र न रखने वाले विद्यार्थियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।**

**रैगिंग दण्डनीय अपराध है, रैगिंग में संलिप्त पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।**

# अनुक्रमणिका


| क्र म संख्या | विवरण | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य की कलम से | 3 |
| 2. | दृष्टि एवं प्रयोजन | 4 |
| 3. | महाविद्यालय का परिचय | 5 |
| 4. | महाविद्यालय परिसर | 6 |
| 5. | वाटिका | 6 |
| 6. | महाविद्यालय में विद्यार्थियों हेतु उपलब्ध संसाधन | 7 |
| 7. | संचालित पाठ्यक्रम | 8 |
| 8. | प्रवेश प्रक्रिया | 9 |
| 9. | प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेज | 9 |
| 10. | परिचय पत्र | 10 |
| 11. | ग्रंथालय | 10 |
| 12. | शारीरिक शिक्षा विभाग | 11 |
| 13. | अनुशासन | 11 |
| 14. | रैगिंग एवं दण्ड | 12 |
| 15. | उपस्थिति | 13 |
| 16. | राष्ट्रीय सेवा योजना | 13 |
| 17. | रेडक्रास | 13 |
| 18. | स्वर्ण पदक योजना | 14 |
| 19. | छात्रवृत्ति | 15 |
| 20. | विद्यार्थियों के लिए आचार संहिता | 16 |
| 21. | महाविद्यालयीन समिति | 16 |
| 22. | शुल्क विवरण | 17 |
| 23. | महाविद्यालय के प्राध्यापक/सहा. प्राध्यापकगण | 18 |
| 24. | तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारीगण | 19 |
| 25. | स्ववित्तीय/जनभागीदारी से नियुक्त कर्मचारीगण | 19 |
| 26. | जनभागीदारी समिति सदस्य | 20 |
| 27. | प्रवेश नवीनीकरण आवेदन पत्र | 21 |
| 28. | शिक्षक अभिभावक योजना | 22 |
| 29. | शैक्षणिक व अशैक्षणिक गतिविधियाँ | 23 |
| 30. | एण्टी रैगिंग फार्म | 24 |
| 31. | आवेदन पत्र (स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्राप्त) | 25 |
| 32. | समस्या शिकायत आवेदन पत्र | 26 |



## प्राचार्य की कलम से ..

प्रिय विद्यार्थियों,

आपको यह जानकर गर्व की अनुभूति होगी कि आप एक ऐसे महाविद्यालय के विद्यार्थी बनने का सुअवसर प्राप्त करने जा रहे है, जिसने सन 1966 में अपनी स्थापना के पश्चात से ही शैक्षिक, सामाजिक,सांस्कृतिक, नैतिक, साहित्यिक एवं मानवीय मूल्यों के उच्चतम स्तर को अंतर्विष्ट करने के उद्देश्य हेतु सर्वदा अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। विगत कई वर्षो से निरंतर इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रशासनिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक एवं व्यापारिक क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त करने के साथ ही विश्वविद्यालयीन प्रावीण्य सूचियों में स्थान अर्जित किये हैं तथा खेलकूद एवं अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त कर इस संस्था को गौरवान्वित किया है।

शिक्षा, रोजगार तथा नवाचार की दिशा में किए गए तथा किए जा रहे हमारे प्रयास जैसे प्लेसमेंट कैंप, प्रतिभागी परीक्षा मार्गदर्शन कक्षाएं, ई-लर्निंग, उद्यमिता संबंधी कार्यशाला, अतिथि व्याख्यान, एलुमिनी मीट इत्यादि शिक्षा के मानवीय एवं वैश्विक अर्थ को सही मायनो में सार्थक करने की हमारी प्रतिबद्धता एवं दृष्टि को परिलक्षित करता है। आप इस समाज के, देश के भावी कर्णधार हैं। इस महाविद्यालय में अध्ययनकर आप मानवीय मूल्यों से युक्त अपने जीवन लक्ष्य को प्राप्त कर राष्ट्र की उन्नति में अपना सकारात्मक योगदान दें ऐसी मेरी आपसे अपेक्षा हैं।

शुभकामनाओं सहित ....

डॉ. पी.पी. चंद्रवंशी

## VISION (दृष्टि)

To Provide Quality Education, Enhance Human Values, Professsionalism and Scientific Fundamental to All Sections of Students.

**छात्रों के सभी वर्गो के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना, मानवीय मूल्यों, व्यावसायिकता और वैज्ञानिक मौलिकता को बढ़ाना ।**

## MISSION (प्रयोजन)

1. Uplift the Students from all sections and categories especially to the last benches learners.
2. To expose the student to the varieties of activities, academic and extra academic aiming and their overall development.
3. Develop the entrepreneurial spirit in students.
4. Inculcate humanistic and social values in the students to motivate them towards community services.
5. Inspire the young minds to develop habits of logical and critical thinking to achieve creative excellence.
6. Make students realize the concept of unity in diversity in a distinctive feature of Indian culture which has enabled them visualization to remain intergrated in terms of social cultural and spiritual aspect.

**1. सभी वर्गो और श्रेणियों के छात्रों को, विशेष रूप से अंतिम पंक्ति के शिक्षार्थियों को ऊपर उठाना ।**

**2. छात्रों को शैक्षणिक एवं शैक्षणिकेत्तर गतिविधियों के विभिन्न आयामों से अवगत कराकर उनका समग्र विकास करना ।**

**3. छात्रों में उद्‌यमशीलता की भावना का विकास करना ।**

**4. छात्रों को सामुदायिक सेवाओं हेतु प्रेरित करने के लिए मानवीय और सामाजिक मूल्यों को विकसित करना।**

**5. रचनात्मक उत्कृष्टता प्राप्त करने युवा मस्तिष्क को तार्किक एवं आलोचनात्मक चिंतन संबंधी आदतो को विकसित करने के लिए प्रेरित करना ।**

**6. छात्रों को भारतीय संस्कृति की एक विशिष्ट विशेषता ''विविधता में एकता'' की अवधारणा का एहसास कराना जिससे उनको सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहलू के संदर्भ में एकीकृत रूप से सक्षम बनाया जा सके ।**

# शासकीय पं. जवाहर लाल नेहरू
# कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेमेतरा
## जिला-बेमेतरा (छ. ग.)

यह एक बहु-आयामी संस्था है । जिसका उद्देश्य परम्परागत विषयों के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा भी देना है । यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सर्वोत्तम आधार शिला साबित हो सकती है । विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास एवं सशक्त प्रबंधन ही महाविद्यालय की अभिलाषा है । विद्यार्थी सही मानवीय स्वरूप को धारण कर पाये, शब्दों व कार्यों के माध्यम से शिक्षा को व्यावसायिक रूप दिया जावे, तकनीकी चुनौतियों के साथ सही मेल बनाया जा सके व शिक्षा की गुणवत्ता, खेल एवं सांस्कृतिक अवसरों का परस्पर समन्वय बनाये रख सके, इस हेतु संस्था प्रतिबद्ध है । इसका शैक्षणिक उद्देश्य विषय के ज्ञान की गहराईयों को प्राप्त करना विद्यार्थी में निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करना, साथ ही सह-शिक्षा, सांस्कृतिक गतिविधियों, क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करने की दिशा में प्रयास कर समाज एवं राष्ट्र का विकास करना है ।

## महाविद्यालय का परिचय

अंचल में उच्च शिक्षा के प्रचार - प्रसार के उद्देश्य के साथ स्वर्गीय लक्ष्मण प्रसाद जी वैद्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं विधायक, जनपद सभा बेमेतरा एवं गणमान्य नागरिकों के अथक प्रयासों से इस महाविद्यालय की स्थापना जुलाई 1966 में "बेमेतरा शिक्षा समिति" द्वारा की गई । राष्ट्रनायक पं. जवाहर लाल नेहरू की पुण्य स्मृति में महाविद्यालय का नामकरण कर विज्ञान संकाय से अध्यापन प्रारंभ हुआ । सन् 1969 से कला संकाय में अध्यापन प्रारंभ हुआ ।

स्वर्गीय दाऊ रेवेन्द्र सिंह वर्मा (बेमेतरा), स्वर्गीय श्रीमती कुमारी देवी चौबे (साजा) एवं श्री डी. पी. धृतलहरे (नवागढ़), तत्कालीन विधायकों के संयुक्त प्रयासों से 19-10-1981 को म. प्र. सरकार द्वारा महाविद्यालय का अधिग्रहण किया गया । सत्र 1982-83 वाणिज्य संकाय प्रारंभ किया गया । वर्तमान में एम. कॉम, एम. ए. (अंग्रेजी, अर्थशास्त्र व भूगोल), एम. एस-सी. (गणित, रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र) एम.एस.डब्ल्यू. एवं पी.जी.डी.सी.ए. के अध्यापन की सुविधा है । इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में हिन्दी साहित्य, समाज शास्त्र, राजनीति शास्त्र विषय में स्नातकोत्तर स्वाध्यायी परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र की भी सुविधा उपलब्ध है । महाविद्यालय को दिनांक 14.07.2008 को स्नातकोत्तर का दर्जा प्राप्त हुआ । महाविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के द्वारा B+ ग्रेड प्राप्त हुआ है ।

## महाविद्यालय परिसर

महाविद्यालय भवन का निर्माण सन् 1988 में 2098 वर्गमीटर क्षेत्रफल में हुआ है। महाविद्यालय परिसर में 33.85 एकड़ भाठा भूमि है, जिसमें 2.38 एकड़ डबरी तालाब भी स्थित है।

महाविद्यालय भवन के समीप ही 252 वर्गमीटर में 4 व्याख्यान कक्ष का निर्माण, जनभागीदारी समिति स्थानीय प्रशासन एवं नगरीय विकास मंत्रालय द्वारा इंदिरा विद्या योजना के तहत 2004 में किया गया है। पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार का निर्माण सत्र 2009-10 में जनभागीदारी निधि से कराया गया है।

महाविद्यालय के विकास हेतु सन् 1972 में ग्राम मोहरेंगा निवासी स्वर्गीय श्रीमती ललिता बाई पाण्डेय (दान दाता) द्वारा कृषि योग्य भूमि ग्राम मोहरेंगा में 26.80 एकड़ एवं पौसरी में 07.43 एकड़ भूमि दान की गई है। जिसकी प्रतिवर्ष रेग-नीलामी से प्राप्त राशि का महाविद्यालय विकास में उपयोग किया जाता है।

## वाटिका

महाविद्यालय भवन के समक्ष 70.000 वर्गफीट क्षेत्रफल में वाटिका निर्मित है जिसमें छायादार फलदार एवं सजावटी पौधों का समावेश है। साथ ही गैप पीरियेड एवं अंतराल में विद्यार्थियों के मनोरंजन व आराम करने के लिए बैठक व्यवस्था भी है। वनस्पति शास्त्र विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में सम्मिलित पौधों का अध्ययन भी वाटिका में संभव है।

दिसम्बर 2005 तक महाविद्यालय परिसर में लगभग 1500 पौधों का रोपण किया गया है जिसमें लगभग 1100 पौधे आज भी जीवित व विकासवान स्थिति में है।

09 अगस्त 2011 को छ. ग. शासन की महत्वाकांक्षी योजना "हरियर छत्तीसगढ़" के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय भवन के पीछे 18 एकड़ भूमि में 10,000 पौधों का रोपण किया गया है तथा जनभागीदारी निधि से सिंचाई हेतु नलकूप खनन एवं अन्य व्यवस्था की गई है।

## महाविद्यालय में विद्यार्थियों हेतु उपलब्ध संसाधन

1. व्याख्यान कक्ष (CCTV कैमरा युक्त)
2. भौतिकी, रसायन, वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र, बायोटेक्नॉलाजी, कम्प्यूटर साइंस, भूगोल विषयों की आधुनिक प्रयोगशालाएं।
3. दीनदयाल उपाध्याय सभागार।
4. प्रत्येक स्नातकोत्तर विभाग में स्मार्ट क्लास रूम।
5. कम्प्यूटरीकृत मुख्य ग्रंथालय (ई-लायब्रेरी), वाचनालय एवं रिफरेन्स रूम।
6. आऊट डोर/इंडोर डोर खेलों की सुविधा।
7. महाविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट।
8. छात्रसंघ कक्ष।
9. गर्ल्स कामन रूम।
10. कैरियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल।
11. वनस्पति उद्यान एवं ऑक्सीजोन।
12. महाविद्यालय केंटीन।
13. पार्किंग शेड।
14. 100 mbps की गति का वाई-फाई कैंपस।
15. एन.एस.एस./रेडक्रास।
16. पं. सुन्दर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केन्द्र।
17. ऑनलाईन कोर्सेस NPTEL, SWAYAM पोर्टल से अध्ययन की सुविधा।
18. हेल्प डेस्क।
19. ईको क्लब।
20. 1000 ltr/hrs की क्षमता का वाटर प्यूरिफायर सिस्टम।
21. अत्याधुनिक कम्प्यूटर लैब इंटरनेट सुविधा के साथ।
22. विडियो कान्फ्रेनसिंग के द्वारा अध्ययन की सुविधा।
23. समस्त स्नाकोत्तर विभागों में विभागीय लाइब्रेरी की सुविधा।
24. दिव्यांगजनों हेतु संपूर्ण परिसर में रैम्प की सुविधा (सुगम भारत अभियान के तहत)।

# संचालित पाठ्यक्रम

महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर निम्न पाठ्यकमों में अध्यापन की सुविधा है ।

| पाठ्यक्रम | सीट संख्या |
|---|---|
| बी.ए. - आधार पाठ्यक्रम, इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, हिन्दी साहित्य | 650 |
| बी.एस.सी. - आधार पाठ्यक्रम, गणित, भौतिकी, रसायन | 140 |
| बी.एस.सी.- आधार पाठ्यक्रम, गणित, भौतिकी, कम्प्यूटर विज्ञान | 30 |
| बी.एस.सी.-आधार पाठ्यक्रम, रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, प्राणी शास्त्र | 350 |
| बी.एस.सी-आधार पाठ्यक्रम, रसायन शास्त्र, बायोटेक्नोलॉजी, प्राणी शास्त्र | 25 |
| बी.कॉम. | 350 |
| बी.सी.ए. | 50 |
| एम.ए. - अर्थशास्त्र | 40 |
| एम.ए.-भूगोल | 30 |
| एम.ए.-अंग्रेजी | 25 |
| एम.एस.सी.-गणित | 40 |
| एम.एस.सी.-रसायन शास्त्र | 75 |
| एम.एस.सी.-वनस्पति शास्त्र | 75 |
| एम.कॉम. | 100 |
| पी.जी.डी.सी.ए. | 50 |
| एम.एस.डब्लू. | 40 |

टीप : प्रत्येक पाठ्यक्रम में छत्तीसगढ शासन की आरक्षण नीति के अनुरूप अन्य पिछडा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियो एवं छात्राओं के लिए सीटें आरक्षित रहेगी ।

## प्रवेश प्रक्रिया

महाविद्यालय में प्रवेश हेतु उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन द्वारा केन्द्रीयकृत व्यवस्था के तहत हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा 'आनलाईन फार्म' जमा कराया जाता है। तत्पश्चात महाविद्यालय में प्रवेशार्थियों की सूची प्रेषित की जाती है, तद्नुसार शासन से प्राप्त प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के नियमों के आधार पर प्रवेश प्रदान किया जाता है।

द्वतीय/तृतीय वर्ष, तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश आफलाईन आवेदन के आधार पर निर्धारित दिनांक तक महाविद्यालय द्वारा दिया जाता है।

प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के विस्तृत दिशा निर्देश महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेज

1. पिछली संख्या का स्थानांतरण प्रमाण पत्र (मूलप्रति)
2. पिछली संख्या का चरित्र प्रमाण पत्र (मूलप्रति)
3. 10 वीं कक्षा की अंकसूची - छायाप्रति
4. 12 वीं कक्षा की अंकसूची - छायाप्रति
5. छ.ग. निवासी प्रमाण पत्र - छायाप्रति
6. जाति प्रमाण पत्र - छायाप्रति
7. आधार कार्ड - छायाप्रति
8. ब्लड ग्रुप जांच प्रमाण पत्र - छायाप्रति
9. पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो - 2
10. बैंक पास बुक - छायाप्रति
11. गेप प्रमाण पत्र (गेप होने की स्थिति में)
12. माइग्रेशन प्रमाण (अन्य वि.वि/बोर्ड से परीक्षा उत्तीर्ण होने पर)
13. पिछली समस्त परीक्षाओं की स्वप्रमाणित अंकसूची - छायाप्रति
14. अधिभार प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रमाण पत्र
    - I. N.C.C/N.S.S./ स्काऊट्स
    - II. खेलकूद/साहित्यिक/सांस्कृतिक/क्वीज/रूपांकन प्रतियोगिताएं
    - III. यूथ/सांईस एवं कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम
    - IV. छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त खेलसंघों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सहभागिता

**प्रवेश के स्वीकृति हेतु सामान्य बातें :-**

1. स्नातक छात्रों को प्रवेश समिति के माध्यम से प्रवेश दिया जायेगा।
2. स्नातकोत्तर छात्रों को प्रवेश विभागाध्यक्ष के माध्यम से दिया जायेगा।
3. निर्धारित शुल्क समय पर जमा होने पर ही प्रवेश मान्य होगा।

## परिचय पत्र एवं उपयोग

प्रत्येक छात्र-छात्रा को महाविद्यालय में प्रवेश देते समय एक परिचय पत्र दिया जावेगा। छात्र-छात्रा को महाविद्यालय में हमेशा यह परिचय पत्र अपने पास रखना होगा तथा सक्षम अधिकारी द्वारा मांगने पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। मांगे जाने पर परिचय पत्र प्रस्तुत न किए जाने की अवस्था में छात्र छात्रा को किसी भी शिक्षक/शारीरिक शिक्षा निर्देशक के द्वारा कक्षा अथवा महाविद्यालय समारोह में सम्मिलित होने से रोका जा सकता है। परिचय पत्र के लिए आवश्यक दो पासपोर्ट आकार के फोटो छात्र-छात्राओं को प्रवेश के समय जमा करना होगा। परिचय पत्र प्रस्तुत किये जाने पर ही संबंधित छात्र-छात्रा को पुस्तकालय से पुस्तके निर्गमित की जा सकती है। स्थानांतरण प्रमाण पत्र अथवा सुरक्षा निधि की वापसी के समय भी परिचय पत्र प्रस्तुत करना होगा। परिचय पत्र खो जाने की अवस्था में छात्र-छात्रा को 50 रू. शुल्क जमा करके परिचय पत्र की दूसरी (डुप्लीकेट) प्रति प्राप्त करनी होगी।

## ग्रंथालय

महाविद्यालय में एक समृद्ध ग्रंथालय हैं।यहां विभिन्न समाचार पत्र, पत्रिकायें एवं शोध पत्रिकायें उपलब्ध हैं। अनु. जाति/अनु. जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क पुस्तक प्रदान करने की बुक-बैंक योजना कार्यान्वित की जाती है। जिसके अंतर्गत अनु. जाति/अनु. जनजाति के छात्र-छात्राओं को सत्रान्त तक एक सेट पुस्तकें निःशुल्क दी जाती हैं। जिन्हें परीक्षा उपरांत वापस लिया जाता है।

ग्रंथालय के आधुनिकीकरण के लिए ग्रंथालय में Computer, WiFi की सुविधा, N-List Subscription, Delnet Membership की सुविधा विद्यार्थियों/स्टॉफ के लिए उपलब्ध हैं। जिसका उपयोग E-Resources. E-Books, E-Journals को एक्सेस करने के लिए किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त ग्रंथालय में Reading Section की भी व्यवस्था है।

ग्रंथालय में लगभग 33,000 किताबे, संदर्भ पुस्तकें, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तके, वार्षिकांक Encyclopedia एवं Journals उपलब्ध हैं।

**ग्रंथालय की विस्तृत नियमावली एवं निर्देश महाविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध**

## शारीरिक शिक्षा विभाग :-

विद्यार्थियों के चहुमुखी विकास के लिए पाठ्यक्रम शिक्षा के साथ साथ शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया जाता है। राज्य व राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके विद्यार्थियों को प्रवेश में प्राथमिता दी जायेगी। राज्य शासन द्वारा घोषित नीति के तहत प्रत्येक छात्र-छात्रा को किसी न किसी खेल में प्रतिभागी होना अनिवार्य हैं।

महाविद्यालय में उपलब्ध खेल सुविधाओं के आधार पर निम्न खेल में प्रशिक्षण देकर राज्यस्तरीय व विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओ हेतु महाविद्यालय की टीम का चयन कीडा समिति के तत्वाधान में किया जाता है।

### महाविद्यालय में उपलब्ध खेल सुविधाएं :-

### आउटडोर गेम्स :-

1. एथलेटिक्स 2. फुटबाल 3. क्रिकेट 4. बास्केटबाल 5. नेटबाल 6. साफ्टबाल 7. खो-खो 8. कबड्डी

### इंडोर गेम्स :-

1. वेटलिफ्टिंग 2. जूडो 3. कुश्ती 4. शतरंज 5. योगा 6. पावरलिफ्टिंग 7. बॉडी बिल्डिंग 8. टेबल टेनिस

महाविद्यालय में कीडा प्रतियोगिताओं के संपादन हेतु एथलेटिक्स ट्रेक, क्रिकेट, फुटबाल, बास्केटबाल, खो-खो, कबड्डी के प्रशिक्षण हेतु मैदान उपलब्ध है। बैडमिंटन हेतु महाविद्यालय भवन के अंदर आंगन में खेलने की सुविधा है। क्रिकेट खेल हेतु सीमेट का पिच उपलब्ध हैं। साथ ही टेबल टेनिस की भी सुविधा हैं। योगाभ्यास, जूडो व कुश्ती खेल हेतु मैट भी महाविद्यालय में उपलब्ध है।

महाविद्यालय परिसर में आधुनिक मशीनों से युक्त जिम व फिटनेस ट्रेनिंग सेन्टर है। जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न खेलों में चयनित खिलाडियों हेतु वेट ट्रेनिंग की सुविधा उपलब्ध है।

विशेष :- 1966 से 2022 तक पं.र.शं.शु.वि.वि. रायपुर व हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग की टीम में सम्मिलित होकर महाविद्यालय के 100 से अधिक (महिला / पुरूष) खिलाडियों ने विभिन्न खेलों में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन व पूर्वी क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

## अनुशासन

महाविद्यालय में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता को एक गंभीर तथा दण्डनीय अपराध माना जावेगा। इस विषय में तुरंत कार्यवाही की जावेगी। विद्यार्थी से विनम्र एवं अनुशासित रहने की अपेक्षा के साथ

ही उसके लिए कक्षाओं में सभी विषयों में कम से कम 75% उपस्थिति अनिवार्य होगी तथा वे महाविद्यालय परिवार में किसी प्रकार की अभद्रता नहीं करेंगे। अन्यथा ऐसे मामले में उनके पालक को सूचित कर उसे महाविद्यालय से निष्काषित भी किया जा सकेगा। ऐसे किसी भी विवाद में प्राचार्य महोदय का निर्णय अंतिम होगा। महाविद्यालय का अनुशासन हमेशा सराहनीय रहा है। ऐसी आशा की जाती है कि इस परम्परा का भविष्य में भी निर्वाह होता रहेगा। विद्यार्थी का आचरण तथा व्यवहार अपने सहपाठियों कर्मचारियों और प्राध्यापकों के साथ अच्छा रहेगा, ऐसी अपेक्षा की जाती है। विद्यार्थी महाविद्यालय परिसर में या बाहर अपने व्यवहार द्वारा महाविद्यालय का मस्तक ऊंचा रखेंगे तथा महाविद्यालय परिसर में नियमों का एवं आचरण सहिता का पालन करना उनका आवश्यक कर्त्तव्य होगा।

## अनुशासन संबंधी विश्वविद्यालय अधिनियम

मध्यप्रदेश विश्व वि. अधिनियम 1973 के अधीन बनाए गये अध्यादेश क्रमांक 7 की धारा 13 के अनुसार महाविद्यालय के छात्र-छात्रा द्वारा महाविद्यालय में अथवा बाहर अनुशासन भंग किये जाने पर ऐसे छात्र/छात्रा के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए प्राचार्य सक्षम हैं। अनुशासन हीनता के लिए उक्त अध्यादेश में निम्नांकित दण्ड का प्रावधान हैं :-

(1) निलम्बन (2) निष्कासन

(3) विश्वविद्यालयीन परीक्षा में सम्मिलित होने से रोकना

## रैगिंग एवं दण्ड

रैगिंग की त्रासदायी प्रताड़ना को स्थायी रूप से रोका जा सके इसलिए महामहिम राज्यपाल के द्वारा 1 सितम्बर 2001 को छत्तीसगढ़ शैक्षणिक संस्थाओं में प्रताड़ना (रैगिंग) का प्रतिषेध अध्यादेश 2001 जारी किया गया है। इस अध्यादेश के द्वारा रैगिंग को संज्ञेय तथा गैर जमानती अपराध माना गया है। अध्यादेश में रैगिंग को निम्नानुसार परिभाषित किया गया हैं :

रैगिंग से अभिप्रेत है किसी छात्र को मजाक पूर्ण व्यवहार से या अन्य प्रकार से ऐसा कृत्य करने के लिए उत्प्रेरित बाध्य या मजबूर करना, जिससे उसके मानवीय मानवीय मूल्य का हनन या उसके व्यक्तित्व का अपमान या उपहास अभिदर्शित हो, या उसे अभित्रास, सदोष परिरोध या क्षति, या उस पर अपराधिक बल के प्रयोग या सदोष अवरोध, सदोष परिरोध क्षति या अपराधिक बल प्रयोग कर अभिवास देते हुए किसी विधि पूर्ण कार्य से प्रविरत करता हो।

रैगिंग का अपराध सिद्ध पाए जाने पर न्यायालय द्वारा दोषी छात्र-छात्रा को पाँच वर्ष के कारावास की सजा दी जा सकती है तथा उसे संस्था से निष्कासित किया जा सकेगा। ऐसे छात्र-छात्रा को किसी भी शिक्षण संस्था में तीन वर्ष की अवधि तक प्रवेश से वंचित भी किया जा सकेगा। इस अध्यादेश के अंतर्गत प्रताड़ना का प्रकरण अन्वेषण या विचरण लंबित होने पर शिक्षण संस्था के प्रधान के द्वारा अभियुक्त

छात्र-छात्रा को निलंबित करने तथा शैक्षणिक संस्था परिसर तथा उसके छात्रावास में प्रवेश से वंचित करने का भी प्रावधान है। प्रत्येक विद्यार्थी को रैगिंग में भाग न लेने संबंधी एक वचन पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा । इस वचन पत्र में छात्रों के अभिभावक के भी हस्ताक्षर होंगे ।

## उपस्थिति

महाविद्यालय में छात्र-छात्रा अध्ययन हेतु प्रवेश लेते हैं । विद्यार्थियो की प्रत्येक विषय की कक्षाओं में 75% उपस्थिति अनिवार्य है । ऐसा न होने पर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षा से वंचित भी किया जाता जा सकता है । 60% से कम उपस्थिति होने पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दण्ड का भुगतान किये जाने पर ही परीक्षा में अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हो सकेगा

विद्यार्थी महाविद्यालय में किसी भी प्रकार के अनुशासनहीनता का दोषी पाये जाने पर अनुशासन समिति / प्राचार्य महोदय के अनुशंसा पर दण्ड का पात्र होगा ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार के शिक्षा एवं संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रवर्तित समाज सेवा का कार्यक्रम है । जिसका उद्देश्य शैक्षणिक संस्थाओं में शिक्षा ग्रहण करते हुए समाज की सेवा करना हैं।

1. "ए" प्रमाण पत्रधारी को एक वर्ष में 120 घंटे कार्य पूर्ण करने एवं अन्य को दो वर्ष में 240 घंटे कार्य पूर्ण करने पर "बी" प्रमाण पत्र परीक्षा में बैठने की पात्रता होगी ।
2. "बी" प्रमाण पत्रधारी छात्र / छात्रा को 120 घंटे कार्य पूर्ण करने एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट जमा करने पर "सी" प्रमाण पत्र परीक्षा में बैठने की पात्रता होगी ।

   एन. एस. एस. इकाई में छात्र / छात्राओं के लिये निर्धारित संख्या 100 है ।

   एन.सी.सी. व एन.एस.एस. में प्रवेश हेतु विद्यार्थीगण संबंधित प्रभारी प्राध्यापकों से संपर्क कर प्रवेश ले सकते हैं ।

## रेड क्रास

सामाजिक चेतना और प्रतिबद्धता महाविद्यालय के दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग हैं । महाविद्यालय के छात्रों में सामाजिक जागरूकता लाने के लिए महाविद्यालयीन युवा रेड क्रॉस विंग का उद्घाटन शैक्षणिक वर्ष 2011-12 के दौरान किया गया था । यह विभिन्न गतिविधियों जैसे रक्तदान शिविरों, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रमों, रक्त जांच शिविरों, रक्त बैंकों की यात्रा, अनाथालयो की यात्रा आदि का आयोजन करता है ।

प्रभारी अधिकारी के मार्गदर्शन में छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है और सामूहिक प्रबंधन करने और उनमें नेतृत्व गुणों को पैदा करने के लिए गतिविधियों को व्यवस्थित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ।

## स्वर्ण पदक योजना

शैक्षणिक एवं शैक्षणिकोत्तर गतिविधियों में विद्यार्थी को अधिकाधिक प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से तथा नगर के दानदाताओं के अमूल्य सहयोग से स्नातक व स्नातकोत्तर उपाधि में, महाविद्यालय स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाता है। यह परंपरा सन् 1966 से निरंतर जारी है

| क्र. | पुरस्कार / पदक का नाम | पात्रता | दानदाता / एलुमनी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | स्व. श्री मेघराज जी भूतड़ा स्मृति स्वर्ण पदक | महा. में स्नातकोत्तर स्तर पर गणित संकाय में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले नियमित विद्यार्थी को | श्री जगदीश लाल जी बेमेतरा के सौजन्य से |
| 2. | स्व. श्री रेवेन्द्र सिंह वर्मा स्मृति स्वर्ण पदक | महा. में स्नातकोत्तर स्तर पर वनस्पति शास्त्र संकाय में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले नियमित विद्यार्थी को | श्री टोपेन्द सिंह वर्मा जी रजकुड़ी के सौजन्य से |
| 3. | स्व. श्री विजय तिवारी स्मृति स्वर्ण पदक | महा. में स्नातकोत्तर स्तर पर रसायन शास्त्र संकाय में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले नियमित विद्यार्थी को | श्री अजय तिवारी जी बहेरा के सौजन्य से |
| 4. | स्व. श्री रामध्यान सोनी स्मृति स्वर्ण पदक | महा. में स्नातकोत्तर स्तर पर वाणिज्य संकाय में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले नियमित विद्यार्थी को | श्री अनिल सोनी जी बेमेतरा के सौजन्य से |
| 5. | स्व. श्री जालिम सिंह वर्मा स्मृति स्वर्ण पदक | महा. में स्नातकोत्तर स्तर पर भूगोल संकाय में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले नियमित विद्यार्थी को | स्व. डॉ. चेतनसिंह वर्मा की ओर से डॉ. प्रवीण वर्मा जी बेमेतरा के सौजन्य से |
| 6. | स्व. श्री भगेला राम साहू स्मृति स्वर्ण पदक | महा. में स्नातक स्तर पर बायोलॉजी संकाय में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले नियमित विद्यार्थी को | श्री अशोक साहू जी किरीतपुर के सौजन्य से |

| क्र. | पुरस्कार/पदक का नाम | पात्रता | दानदाता/एलुमनी का नाम |
|---|---|---|---|
| 7. | स्व. श्रीमती ललिता बाई स्मृति स्वर्ण पदक | महा. में स्नातक स्तर पर गणित संकाय में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले नियमित विद्यार्थी को | शास.पं.ज.ला. ने कला एवं विज्ञान स्ना. महाविद्यालय बेमेतरा के सौजन्य से |
| 8. | स्व. सुनीता शर्मा स्मृति स्वर्ण पदक | महा. में स्नातक स्तर पर कला संकाय में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले नियमित विद्यार्थी को | श्री सुशील शर्मा (शर्मा ज्वेलर्स) जी बेमेतरा के सौजन्य से |
| 9. | स्व. श्रीमती ललिता बाई स्मृति स्वर्ण पदक | महा. में स्नातक स्तर पर वाणिज्य संकाय में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले नियमित विद्यार्थी को | शास.पं.ज.ला. ने.कला एवं विज्ञान स्ना. महाविद्यालय, बेमेतरा के सौजन्स से |

## छात्रवृत्ति

समय-समय पर शासन द्वारा जारी नियमों के अधीन महाविद्यालय के नियमित छात्र - छात्राओं को निम्नलिखित छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती है ।

1. केन्द्रीय छात्रवृत्ति
   - अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति
   - मेरिट कम मीन्स 80% से ऊपर
   - दिव्यांगजन के लिए ।
2. BPL छात्रवृत्ति
3. पोस्ट मेट्रिक आनलाईन छात्रवृत्ति (SC, ST, OBC विद्यार्थियों के लिए)

विशेष : छात्रवृत्ति हेतु आवश्यक दिशा निर्देश महाविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है ।

## विद्यार्थियों के लिए आचार संहिता

(1) प्रत्येक विद्यार्थी अपना पूरा ध्यान महाविद्यालय की निर्धारित व्यवस्था के अंतर्गत, अध्ययन पर लगायेगा, साथ ही महाविद्यालय द्वारा आयोजित अथवा अनुमोदित पाठ्यक्रम में भी पूरा सहयोग देगा ।

(2) कक्षाओं में पूरी तरह अध्यापन में सहयोग देगा । बिना प्राचार्य के अनुमति के कक्षा अथवा परीक्षा में अनुपस्थित नहीं रहेगा ।

(3) प्रत्येक विद्यार्थी अपने सहपाठियों एवं शिक्षकों से नम्रता का व्यवहार करेगा और कभी अशिष्ट या अशोभनीय व्यवहार नहीं करेगा ।

(4) महाविद्यालय परिसर में किसी भी मादक पदार्थ का सेवन सर्वथा वर्जित है ।

(5) विद्यार्थी को अपनी समस्याओं का प्रस्तुतीकरण निर्धारण प्रणाली से और शांति पूर्वक करना होगा । आंदोलन, हिंसा और आंतक द्वारा किसी भी समस्या को हल करने का मार्ग विद्यार्थी नहीं अपनायेगा ।

(6) विद्यार्थियों की प्रत्येक विषय की कक्षाओं में 75% उपस्थिति अनिवार्य है ।

## महाविद्यालयीन समितियां

छात्रों, शिक्षकों व प्रशासन में तालमेल बनाये रखने एवं चुस्त प्रबंधन हेतु निम्नलिखित समितियो का गठन किया गया है, जो समय-समय पर अपने कार्यो व दायित्वों का निर्वहन करती है ।

1. भूतपूर्व विद्यार्थी संगठन
2. स्थानीय प्रशासन समन्वय समिति
3. विश्वविद्यालय समन्वय समिति
4. फीड बैक समिति
5. पाठ्येत्तर गतिविधि
6. परामर्श एवं रोजगार समिति
7. आंतरिक परीक्षा समिति
8. समय सारणी समिति
9. विश्वविद्यालयीन परीक्षा समिति
10. छात्रवृत्ति संवितरण समिति
11. अनुशासन समिति
12. व्यापमं/अन्य परीक्षा समिति
13. अकादमीक कैलेण्डर
14. शिकायत निवारण समिति
15. एंटी रैगिंग समिति
16. महिला कल्याण समिति
17. आयकर निर्धारण समिति
18. क्रय समिति
19. आंतरिक अंकेक्षण समिति
20. निविदा नीलामी
21. छात्र संघ
22. रेड क्रास समिति
23. यू.जी.सी.
24. परीक्षा परिणाम विश्लेषण समिति
25. मैगजीन समिति
26. आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)
27. अपलेखन समिति
28. NAAC कार्यकारिणी समिति

## -: शुल्क विवरण :-

| क्र. | शुल्क विवरण | बीए/बी.काम./ बी.एस.सी./ बी.सी.ए भाग-1 | बीए/बी.काम./ बी.एस.सी./ बी.सी.ए भाग-2 एवं 3 | एम.एस.सी./ एम.ए./ एम.काम. पूर्व | एम.एस.सी./ एम.ए./ एम.काम. अंतिम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | सम्मिलित निधि | 32.00 | 32.00 | 32.00 | 32.00 |
| 2. | महा. विकास निधि | 25.00 | 25.00 | 25.00 | 23.00 |
| 3. | छात्र कामन रूम शुल्क | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 |
| 4. | शारी. कल्याण शुल्क | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 |
| 5. | निर्धन छात्र सहा. कोष | 5.00 | 5.00 | 5.00 | 5.00 |
| 6. | सोशल गेदरिंग | 15.00 | 15.00 | 15.00 | 15.00 |
| 7. | परिचय पत्र | 60.00 | 60 | 60.00 | 60 |
| 8. | साय. स्टैण्ड शुल्क | 40.00 | 40.00 | 40.00 | 40.00 |
| 9. | छात्र संघ शुल्क | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 |
| 10. | सुरक्षा निधि | 60.00 | 00 | 100.00 | 00 |
| 11. | स्नातको. ग्रन्था. शुल्क | 00 | 00 | 30.00 | 30.00 |
| 12. | रेडक्रास | 40.00 | 40.00 | 40.00 | 40.00 |
| 13. | स्टेशनरी शुल्क | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 14. | प्रवेश शुल्क | 3.00 | 3.00 | 3.00 | 3.00 |
| 15. | प्रयोगशाला शुल्क | 20.00 | 20.00 | 30.00 | 30.00 |
| 16. | शिक्षण शुल्क (जुलाई से मार्च) | 115.00 | 115.00 | 126.00 | 126.00 |
| 17. | जनभागीदारी शुल्क | 400.00 | 400.00 | 500.00 | 500.00 |

टीप : 1. अनु.जाति/जनजाति के विद्यार्थियों को शिक्षण एवं प्रायोगिक शुल्क में छूट रहेगी । इसके लिए इन्हें जिलाधीश द्वारा अधिकृत अधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

2. समस्त छात्राओं को स्नातकोत्तर स्तर तक के अध्ययन के लिए शैक्षणिक शुल्क एवं प्रायोगिक शुल्क से छूट प्राप्त है

3. बी.एस.सी. भाग-1, 2, 3 में बायोटेक/कम्प्यूटर साइंस लेने वाले विद्यार्थियों को निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त 8000 रू. अलग से देय होगा ।

4. P.G.D.C.A. में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त 10000 रू. अलग से देय होगा ।

5. M.S.W.- प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त 11500 रू. अलग से देय होगा ।

6. अन्य बोर्ड/वि.वि. से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को 360.00 रू. माइग्रेशन शुल्क अलग से देय होगा ।

## महाविद्यालय में पदस्थ प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापकगण

| क्र. | नाम | पदनाम | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. परमेश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी | प्राचार्य | |
| 2. | डॉ. अमृता कस्तूरे | प्राध्यापक | अंग्रेजी |
| 3. | डॉ. (श्रीमती) वीणा त्रिपाठी | सहायक प्राध्यापक | रसायन शास्त्र |
| 4. | श्री दुखूराम साहू | सहायक प्राध्यापक | भौतिक शास्त्र |
| 5. | डॉ. कमलेश दुबे | सहायक प्राध्यापक | राजनीति विज्ञान |
| 6. | मो. फिरोज खान | सहायक प्राध्यापक | गणित |
| 7. | सुश्री शैल शर्मा | सहायक प्राध्यापक | गणित |
| 8. | डॉ. देवेन्द्रधर द्विवेदी | सहायक प्राध्यापक | भूगोल |
| 9. | डॉ. संध्या बघेल | सहायक प्राध्यापक | रसायन शास्त्र |
| 10. | श्री भोलाराम साहू | सहायक प्राध्यापक | कम्प्यूटर एप्लीकेशन |
| 11. | सुश्री श्वेता साहू | सहायक प्राध्यापक | वाणिज्य |
| 12. | श्री जितेन्द्र बारले | सहायक प्राध्यापक | इतिहास |
| 13. | श्री चंदन गुप्ता | सहायक प्राध्यापक | वनस्पतिशास्त्र |
| 14. | श्री नेहिल राव निर्मल | सहायक प्राध्यापक | कम्प्यूटर विज्ञान |
| 15. | श्रीमती खुशबू साहू | सहायक प्राध्यापक | बायोटेक्नोलॉजी |
| 16. | श्री सतीश तेवलकर | सहायक प्राध्यापक | पी.जी.डी.सी.ए. |
| 17. | श्री शोभित साहू | सहायक प्राध्यापक | एम.एस.डब्लू |
| 18. | श्रीमती ज्योति गेन्ड्रे | ग्रंथपाल | ग्रंथालय |
| 19. | श्री दुर्गा प्रसाद जंघेल | क्रीडाधिकारी | क्रीडा विभाग |

## महाविद्यालय में पदस्थ तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारीगण

| क्र. | नाम | पदनाम | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री अश्वनी प्रधान | मुख्य लिपिक | तृतीय |
| 2. | श्री मोती लाल साहू | सहायक ग्रेड-02 | तृतीय |
| 3. | श्री देवचरण साहू | प्रयोगशाला तकनीशियन | तृतीय |
| 4. | श्री प्यारेलाल डहरवाल | प्रयोगशाला परिचालक | चतुर्थ |
| 5. | श्री अशोक मरकाम | प्रयोगशाला परिचालक | चतुर्थ |
| 6. | श्री अशोक साहू | भृत्य | चतुर्थ |
| 7. | श्री विश्राम साहू | चौकीदार | चतुर्थ |
| 8. | श्री जगमोहन नागवंशी | स्वीपर | चतुर्थ |

## महाविद्यालय में पदस्थ स्ववित्तीय एवं जनभागीदारी मद से नियुक्त कर्मचारीगण

| क्र. | नाम | पदनाम | मद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री वेदप्रकाश वर्मा | प्रयोगशाला तकनीशियन कम्प्यूटर सांईस | स्ववित्तीय |
| 2. | श्री वेदराम निर्मलकर | प्रयोगशाला परिचारक बायोटेक | स्ववित्तीय |
| 3. | श्री अविनाश अग्लावे | ग्रंथालय सहायक | जनभागीदारी |
| 4. | श्री दिव्यांशु वर्मा | कम्प्यूटर आपरेटर | जनभागीदारी |
| 5. | श्री आशुतोष शुक्ला | हेल्प डेस्क सहायक | जनभागीदारी |
| 6. | श्री योगेश साहू | ग्रंथालय सहायक | जनभागीदारी |
| 7. | श्री रविन्द्र साहू | भृत्य | जनभागीदारी |

| क्र. | नाम | पदनाम | मद |
|---|---|---|---|
| 8. | श्री दामोदर यादव | भृत्य | जनभागीदारी |
| 9. | श्री चिंताराम | भृत्य | जनभागीदारी |
| 10. | श्री डेरहा धृतलहरे | भृत्य | जनभागीदारी |
| 11 | श्री सतीश कुमार मानदेव | भृत्य | जनभागीदारी |
| 12. | श्री खेलूराम बंजारे | भृत्य | जनभागीदारी |
| 13. | श्री रामपाल | भृत्य | जनभागीदारी |
| 14. | श्रीमती प्रियंका राजपूत | माली | जनभागीदारी |
| 15. | श्री प्रेमलाल यादव | ग्राउंडमेन | जनभागीदारी |
| 16. | श्री भानू चौहान | सफाई कर्मचारी | जनभागीदारी |
| 17. | श्रीमती सोनिया गुप्ता | सफाई कर्मचारी | जनभागीदारी |
| 18. | श्रीमती रूखमणी टंडन | सफाई कर्मचारी | जनभागीदारी |
| 19. | श्रीमती अमृत बारले | सफाई कर्मचारी | जनभागीदारी |

## जनभागीदारी समिति सदस्यगण

| क्र. | नाम | पदनाम | पता |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री अशोक सलूजा | अध्यक्ष | पंजाबी पारा, बेमेतरा |
| 2. | श्री गौरव तिवारी | सदस्य | बी.आई.टी. मैदान के पीछे, बेमेतरा |
| 3. | श्री मनीष सिन्हा | सदस्य | नरी, बेमेतरा |
| 4. | श्री अजय राज सेन | सदस्य | वार्ड नं. 5. ब्राम्हण पारा, बेमेतरा |
| 5. | श्रीमती देवकी नामदेव | सदस्य | सिंधी पारा, बेमेतरा |
| 6. | श्री दीपक दीनकर | सदस्य | सिंघनपुरी (अंधियारखोर) |
| 7. | श्री कौशल वर्मा | सदस्य | झाल (नवागढ) |
| 8. | श्री गौरव शर्मा | सदस्य | सदर बाजार, बेमेतरा |
| 9. | श्री राजेश साहू | सदस्य | बहेरा, बेमेतरा |
| 10. | सुश्री रूपाली सोनी | सदस्य | सदर बाजार, बेमेतरा |
| 11. | श्री सौदागर नंद | सदस्य | पंजाबी पारा, बेमेतरा |

कार्यालय प्राचार्य, शास. पं. ज.ला.ने. कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा, जिला–बेमेतरा

# प्रवेश नवीनीकरण आवेदन-पत्र

कक्षा का नाम ........................................

(स्नातक प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम/तृतीय सेमेस्टर में इसी संस्था में नियमित अध्ययनरत् विद्यार्थियों को आगामी कक्षा में प्रवेश हेतु मान्य)

1. आवेदक का नाम : ..........................................................................................
2. पिता का नाम : श्री ......................................................................................
3. माता का नाम : श्रीमती ..................................................................................
4. जन्मतिथि : ....................................................... 5. ब्लड ग्रुप ..............................
6. वर्ग सामान्य/अपिव/अनु. जाति/अनु.जन.जाति/ ..................................................................
7. आवेदक का स्थाई पता : ....................................................... मो. ............................................
8. आवेदक का स्थानीय पता : ...................................................... मो. ............................................
9. पिछली परीक्षा का नाम : ..........................................................................................

   वर्ष ........................... अनुक्रमांक ......................... विश्वविद्यालय का पंजीयन क्र. .............................

   विषय 1. .................................... 2. .................................... 3. ............................................

   4. .................................... 5. .................................... 6. ............................................

   परिणाम ...................... प्राप्तांक .......................... पूर्णांक ........................... प्रतिशत .......................

## (अंकसूची की छायाप्रति संलग्न करें ।)

10. क्या आपका अध्ययन 10+2 (बारहवीं) उत्तीर्ण होने के पश्चात निरंतर जारी रहा :– हाँ / नहीं
11. यदि नहीं तो रूकावट का वर्ष ..........................................................................................

    कारण ..........................................................................................................

## –: घोषणा पत्र :–

1. मैं घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन में मेरे द्वारा भरी गई समस्त जानकारी सही है । प्रदत्त जानकारी में किसी प्रकार त्रुटि पाई जाने पर मेरा प्रवेश निरस्त किया जा सकता है ।
2. मैं नियमानुसार कक्षा में उपस्थित रहकर अध्ययन करूंगा/करूंगी/न्यून उपस्थिति/अनुपस्थिति की दशा में नियमानुसार अर्थदण्ड/निष्कासन किया जा सकेगा ।
3. मैंने विवरण पुस्तिका का भली भांति अध्ययन कर लिया है एवं इसमें उल्लेखित समस्त नियमों/उप नियमों का पूर्ण पालन करूंगा/करूंगी ।

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम ....................................................

मोबाईल नं ...........................................

पिता/अभिभावक का हस्ताक्षर

नाम ....................................................

पता ....................................................

मोबाईल नं ...........................................

स्थान : .......................................

दिनांक : .....................................

# –: शिक्षक–अभिभावक योजना :–

प्रवेश क्रमांक ................................

उच्चशिक्षा विभाग छ.ग. शासन के ज्ञापन क्रं 670/आ.उ.शि./शा. 1/2000, दिनांक ............................. के निर्देशानुसार विद्यार्थियो की शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन देने तथा उनकी समस्याओं के निदान के लिए महाविद्यालय में शिक्षक–अभिभावक योजना लागू की गई है ।

सभी शिक्षक–अभिभावक, विद्यार्थी के संबंध में निम्नानुसार रिकार्ड रखेंगे । अतः प्रवेश हेतु आवेदित समस्त छात्र–छात्रा प्रपत्र में अपनी जानकारी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगे ।

1. विद्यार्थी का राम : ..........................................................................................
2. पिता का नाम : श्री ..................................................................................
3. माता का नाम : श्रीमती ............................................................................
4. जन्मतिथि : ..........................................................................................
5. पता : ..........................................................................................
   : ..........................................................................................
6. दूरभाष क्रमांक (कोड सहित)/मोबाइल नं. : ..........................................................................................
7. रक्त समूह : ..........................................................................................
8. पिछली परीक्षा का अनुग्रमांक : ..........................................................................................

| कक्षा/परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | विषय | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

9. वर्ग–(अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./सामान्य/बी.पी.एल.) : ..................................................................
10. अभिरूचि : ..........................................................................................
11. पारिवारिक स्थिति : ..........................................................................................
12. पालक का व्यवसाय/मासिक आय : ..........................................................................................
13. इस सत्र में अध्ययन के विषय : 1 ......................... 2. ....................... 3. .........................
    4 ......................... 5. ....................... 6. .........................

– : वचन पत्र :–

मैं ......................................................... आत्मज/आत्मजा श्री ............................................................ आपके महाविद्यालय में कक्षा ..................... में नियमित प्रवेश हेतु आवेदन–पत्र प्रस्तुत कर रहा/रही हूं । मैंने विवरण पत्रिका का भलीभांति अध्ययन कर लिया है तथा मैं घोषणा करता हूं कि इन वचन–पत्र में अंकित बिन्दुओं का सत्यानिष्ठा से पालन करूंगा कि –

1. मुझे नियमित प्रवेश प्राप्त होने पर इस महाविद्यालय द्वारा घोषित समय–सारिणी के अनुसार महाविद्यालय के नियमों एवं व्यवस्थाओ के अंतर्गत अनुशासित रहकर अध्ययन करूंगा/करूंगी ।
2. मैं समय सारिणी एवं महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त व्यवस्थाओं में किसी प्रकार से परिवर्तन की मांग नहीं करूंगा/करूंगी ।
3. अध्ययन अवधि में समस्त कक्षाओं में अपनी उपस्थिति परीक्षा के लिए निर्धारित 75 प्रतिशत से ऊपर बनाये रखुंगा/रखुंगी कम उपस्थिति की दशा में मुझे आर्थिक दण्ड एवं परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जा सकता है ।
4. मैं अपनी दैनिक प्रगति और सद्व्यवहार के संबंध में विशेष ध्यान दूंगा/दूंगी ।
5. न तो मैं रैगिंग में भाग लूंगा और न ही सहयोग दूंगा/दूंगी । मुझे इस बात की जानकारी है कि रैगिंग लिये जाने पर मुझे कठोर दण्ड दिया जा सकता है/महाविद्यालय से निष्कासित किया जा सकता है ।
6. मैं महाविद्यालय में संचालित समस्त गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लूंगा/लूंगी ।

| पिता/अभिभावक का हस्ताक्षर | आवेदक का हस्ताक्षर |
|---|---|
| नाम ......................................... | नाम ......................................... |
| पता ......................................... | पता ......................................... |
| ................................................ | ................................................ |
| मोबाईल नं. ................................ | मोबाईल नं. ................................ |

# -: शैक्षणिक व अशैक्षणिक गतिविधियों का विवरण :-

| परीक्षा | हिन्दी भाषा | अंग्रेजी भाषा | | | | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इकाई परीक्षा I | | | | | | |
| इकाई परीक्षा II | | | | | | |
| इकाई परीक्षा III | | | | | | |
| इकाई परीक्षा IIII | | | | | | |
| त्रैमासिक परीक्षा | | | | | | |
| अर्द्धवार्षिक परीक्षा | | | | | | |
| वार्षिक परीक्षा | | | | | | |

परीक्षाफल ............................... प्राप्तांक ........................ पूर्णांक ......................... प्रतिशत ..........................

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उपस्थिति 15 जून से 30 सितम्बर | | | | | |
| 01 अक्टूबर से 31 दिसम्बर | | | | | |
| 01 जनवरी से सत्रांत तक | | | | | |

एन.सी.सी./एन.एस.एस. पंजीयन क्रमांक

कैम्प में उपस्थिति विवरण - कैम्प का नाम ........................................... वर्ष ..................................

उपस्थिति दिवस ......................................................................................

क्रीडा गतिविधि का विवरण-विधा का नाम ......................................................................................

स्तर ......................................................................................

उपस्थिति दिवस ......................................................................................

साहित्यिक गतिविधि-विधा का नाम व स्तर

उपस्थिति दिवस

सांस्कृतिक गतिविधि-विधा का नाम व स्तर ......................................................................................

उपस्थिति दिवस ......................................................................................

अन्य गतिविधियां ......................................................................................

......................................................................................

छात्रवृत्ति का विवरण : छात्रवृत्ति का नाम ........................................................ दर .............................

शिक्षक/अभिभावक का हस्ताक्षर

# एण्टी रैगिंग शपथ पत्र

मैं वचन देता हूं/देती हूँ कि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न तो रैगिंग में भाग लूंगा/लूंगी और न ही इस हेतु किसी को उत्प्रेरित करूंगा/करूंगी । मुझे यह इस बात की जानकारी है कि रैगिंग में संलिप्तता पाये जाने पर मुझे कठोर दण्ड दिया जा सकता है एवं महाविद्यालय से निष्कासित भी किया जा सकता है ।

नाम : ------------------------------------------------------------

पिता का नाम : ------------------------------------------------------------

कक्षा : ------------------------------------------------------------

पूर्ण पता : ------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

मोबाईल नं. : ------------------------------------------------------------

आधार कार्ड नं. : ------------------------------------------------------------

ई-मेल आई.डी. : ------------------------------------------------------------

(अभिभावक के हस्ताक्षर)

नाम ..................................

दिनांक ...............................

(छात्र का हस्ताक्षर)

नाम ..................................

कक्षा ................................

दिनांक ...............................

## कार्यालय प्राचार्य, शास. पं. ज. ला. ने. कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

### स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र

महोदय,

निवेदन है कि मैं आपके महाविद्यालय में सत्र ........................................................ में प्रथम बार कक्षा .............................. में प्रवेश प्राप्त कर अध्ययन किया हूँ । अब मैं अपना स्थानांतरण प्रमाण पत्र लेना चाहता हूँ । कृपया प्रदान करने की कृपा करें ।

पूरा नाम ..........................................................................................................................

पिता श्री .......................................................................... जन्म तिथि ...............................................

स्थाई पता ..........................................................................................................................

महाविद्यालय में प्रवेश क्रमांक व दिनांक ..........................................................................................

नामांकन क्रमांक ..........................................................................................................................

महाविद्यालय में परीक्षा का विवरण

| क्र. | कक्षा | रोल नम्बर | परीक्षा परिणाम | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

टीप – वार्षिक परीक्षा की अंकसूची की प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य है ।

आवेदक के हस्ताक्षर

### कार्यालय उपयोग हेतु

उपरोक्त प्रविष्टियों की जांच की गई तथा सही पाई गयी ।

लेखापाल

संबंधित लिपिक

### प्राचार्य का आदेश

स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे ।

प्राचार्य
शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बेमेतरा (छ.ग.)

# –: समस्या/शिकायत आवेदन :–

प्रति,

प्राचार्य,

शास. प. ज. ला. ने. कला एवं विज्ञान स्नातको.

महाविद्यालय, बेमेतरा (छ.ग.)

विषय – ........................................................................ हेतु आवेदन ।

महोदय,

निवेदन है कि मेरी निम्न समस्या/शिकायत है ।

1. ..........................................................................................

..........................................................................................

2. ..........................................................................................

..........................................................................................

3. ..........................................................................................

..........................................................................................

कृपया मेरी उक्त समस्या का निराकरण करने की कृपा करें ।

(शिकायतकर्त्ता के हस्ताक्षर)

नाम .....................................

कक्षा .....................................

दिनांक .....................................

मो. नं. .....................................